प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. महाकुंभ में आज त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ0 माणिक साहा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संगम में किया पवित्र स्नान : प्रयागराज में यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिये उठाय गये कई कदम।
2. केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी कल लखनऊ में दो फ्लाई ओवर का करेंगे उद्घाटन : राजधानी वासियों के लिये कई किलोमीटर का सफर होगा जाम मुक्त।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 103 करोड़ रुपये की 116 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। और
4. विश्व रेडियो दिवस पर आज नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव का हुआ शुभारम्भ : सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा– रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का विश्वसनीय स्रोत।

———————

प्रयागराज महाकुंभ मेले में देश के कोने–कोने से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। आज छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में 166 सदस्यीय दल के

साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने भी परिवार के साथ संगम में पवित्र स्नान किया। ब्रह्ममुहुर्त से शाम तक लगभग 75 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिये खास इंतजाम किये गये हैं। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से...

*सकुशल सम्पन्न हुए माधी पूर्णिमा के स्नान के बाद कल्पवासी और साधु संत कुंभ मेला क्षेत्र से वापस होने लगे है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए बनाने के लिए शटल बसों के साथ–साथ ई–रिक्शा और ऑटो रिक्शा अब उपलब्ध रहेंगे। इन साधनों के जरिए श्रद्धालुओं को संगम क्षेत्र के करीब लाया और वहा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पहुंचाया जा रहा है। रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए 145 गाड़ियां चलाई गई। सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था को विशेष रूप से मॉनिटर करेगा। प्रवीण मिश्र महाकुंभ नगर प्रयागराज।*

——————

प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज महाकुम्भ मेला क्षेत्र से लेकर सिविल लाइन चौराहे तक साफ–सफाई की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए प्रेरित किया।

——————

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सासंद राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी

कल राजधानी के मुंशीपुलिया और खुर्रमनगर फ्लाई ओवर का उद्‌घाटन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री आउटर रिंग रोड का अवलोकन भी करेंगे। इस अवसर पर विकासनगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। रिंग रोड पर इन दोनों फ्लाई ओवर के बन जाने से साढ़े चार किलोमीटर का सफर जाम मुक्त होगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर नगर निगम के नव सृजित वार्ड खोराबार में कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया, साथ ही 103 करोड़ रुपये की 116 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देशी विधि से राप्ती नदी में लिक्विट वेस्ट और दूषित जल का शोधन किया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल खेती में होगा। बाइट....

*लिक्विड वेस्ट का मैनेजमेंट कैसे होना चाहिए। आपको अगर देखना है नगर निगम का प्रोजेक्ट देखें। जहां पर प्राकृतिक पद्धति के माध्यम से पहले जो जल एकदम काला, लेकिन कुछ प्रोसेस के साथ गुजारने के बाद का अंतिम छोर तक पानी पहुंचता है। एकदम साफ हो जाता है यानी अब राप्ती नदी में काला गंदा पानी नहीं गिरेगा, बल्कि उसके प्रोसेस होने के बाद एसटीडी भी लगाई गई है। लेकिन जहां एसटीपी नहीं पहुंच पाई, वहां प्रोड्यूएसी पद्धति से उसकी प्रोसेस करते हुए वह क्लीन वाटर में बदलकर के खेती–बाड़ी के लिए उपयोगी हो सकता है।*

—————————

राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल अयोध्या के कुमारगंज में आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय कृषि विश्वविद्यालय के 48वें कुलपति सम्मेलन में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने अन्तर विश्वविद्यालयों के साथ ही विदेशी विश्वविद्यालया के साथ भी समझौता ज्ञापन करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को छात्रों के हितों को ध्यान में रखकर आपस में मिलकर विचार विमर्श करने पर भी जोर दिया।

---------

लोकसभा में आज नया आयकर विधेयक, 2025 पेश किया गया। आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर विधेयक लाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

---------

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

शबे बारात के मौके पर आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कब्रिस्तानों की साफ सफाई की गई। मस्जिदों में रात में इबादत के लिए विशेष प्रबंध किए गये हैं। लखनऊ ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फिरंगी महली ने शब ए बारात को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस रात को इबादत में लगाएं और किसी भी तरह का उपद्रव करने से बचें। उन्होंने नौजवानों से आतिशबाजी न करने की अपील भी की है।

——————————

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आज प्रसारित तीसरे एपिसोड में टेक गुरु गौरव चौधरी और बैंकर राधिका गुप्ता ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया। उन्होंने चटजीपीटी और एआई इमेज–जेनरेशन टूल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी।

——————————

आज विश्व रेडियो दिवस है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय है – रेडियो और जलवायु परिवर्तन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर लोगों को

शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, रेडियो एक शक्तिशाली माध्यम है।

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का एक विश्वसनीय स्रोत है। विश्व रेडियो दिवस पर आज नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव–2025 का उद्‌घाटन करते हुए श्री जाजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब एक परिवर्तनकारी मंच बन गया है, जहां आम लोगों की आवाज सुनी जाती है। इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड ने कहा कि लोगों को आकाशवाणी के कार्यक्रमों की सामग्री के साथ–साथ समाचारों पर भी भरोसा है।

विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्रोताओं का अभिवादन करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी जहां भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का वाहक रहा है, वहीं इसने भारत में वैज्ञानिक प्रगति की यात्रा से भी लोगों को जोड़ा है।

प्रदेश के अमरोहा जिले के गजरौला के राम सिंह बौद्ध को रेडियो मैन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने मन की बात रेडियो संग्रहालय तैयार किया है। इस संग्रहालय का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में भी दर्ज है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में उनका जिक्र कर चुके हैं। राम सिंह बौद्ध ने कहा कि अपनी बात आम लोगों तक पहुंचाने का रेडियो सशक्त माध्यम है।

बाइट.....

*गांवों, कस्बों में आज भी रेडियो सुना जाता है, जो सबसे सस्ता और सुलभ सुविधाजनक है। जिनके पास अक्षर ज्ञान नहीं है, जो अखबार नहीं पढ़ सकते, लेकिन रेडियो सुन सकते हैं। जो लोग अपनी दृष्टिहीनता के कारण खबर नहीं देख सकते, टेलीविज़न नहीं देख सकते, रेडियो उनका भी साथी है। इसी उपयोगिता को देखते हुए मैंने अपने यहां रेडियो संग्रहालय स्थापित किया है।*

—————————

अयोध्या श्रीराम मंदिर में विराजित रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येन्द्र दास को आज पावन सलिला सरयू में जल समाधि दी गई। इस मौके पर संत–महात्मा, जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

—————————

केंद्र सरकार के आयकर विभाग के तहत आने वाले केंद्रीय राजस्व क्रीड़ा और सांस्कृतिक परिषद के उत्तरी क्षेत्र की स्पोर्ट्स मीट 2024–25 की शुरुआत आज से लखनऊ मे

हुई। आयकर विभाग की अपर आयुक्त डॉक्टर प्रीति सिंह ने बताया कि आयकर, कस्टमस और संबंधित विभागों के 850 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में हिस्सा ले रहे हैं।

———————

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में 56 पदक जीत कर पदक तालिका में उत्तर प्रदेश 13वें स्थान पर पहुंच गया है। आज हुए पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश को हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

(समाप्त)